शालीमार पेंट्स का १११ वर्षीय इतिहास

पेंट व कोटिंग क्षेत्र में समीरजी ने छू लिया आकाश

सिलीगुड़ी । शालीमार पेंट्स भारत की प्रसिद्ध व अनुभवी पेंट्स कंपनी है। इसका अनुभव का इतिहास १११ वर्ष पुराना है। गत दिन कंपनी के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री समीर नागपाल ने कहा कि उत्तर बंगाल में शालीमार पेंट्स सदा से ही आगे रहा है। इस क्षेत्र को हम अच्छी तरह से समझते है। हमारा लक्ष्य पुर्वोत्तर में प्रथम स्थान पर जाने का है। नई अत्याधुनिक प्रणाली से शालीमार पेंट्स क्वालिटी एवं गुणवत्ता में बहुत ही उत्तम साबित हो रहा है। यहां पर एक विशाल डिपो खोला था, जिसे और मजबूती प्रदान की जाएगी। हमारे डीलरों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। हमारी प्रिमियम पेशकश हुसैन कलेक्शन बहुत लोकप्रिय है। कस्टमर को किस तरह संतुष्टि मिले इसके लिए हम सदा सचेष्ट रहते है। श्री नागपाल ने कहा कि अभी २५० डीलर हैं। शालीमार पेंट्स का निर्यात मध्यपूर्व देश, बंगलादेश, भूटान व नेपाल में भी होता है। नम्बर १ पीएडी, सुपरलेक १, कलर स्पेश के साथ १० हजार से अधिक शेड्स शालीमार प्रस्तुत करता है। आप सभी का सहयोग हमारे लिए नींव की ईंट की तरह है। उल्लेखनीय है कि युवा उद्योगपतियों में श्री समीर नागपाल बहुत ही तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। दिल्ली यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त श्री नागपाल बहुत ही अनुभवी निदेशक है। कार्यक्रम में श्री आर.के.साहा एवं उच्च अधिकारी उपस्थित थे। -दिनेश लालवानी